ई-मेल
07-6-17

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांक-129 /11-सी-FP/UP/TRANS/21318/2016, लखनऊः दिनांकः जुलाई 18, 2017

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
जालौन सा0वा0 प्रभाग,
उरई।

विषयः- 765 के0वी0डी0सी0 उरई-अलीगढ़ पैकेज टी0ई0 06 पारेषण लाईन के निर्माण में प्रस्तावित जालौन वन प्रभाग की 0.268 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं मार्ग पटरियों पर खड़े प्रभावित 05 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झाँसी का पत्रांक-110/33-1, दिनांक 10.07.2017

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्राप्त विषयगत प्रस्ताव का पुनः परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव में निम्नलिखित कमियों/अभिलेखों का अभाव पाया गयाः-

1. आनलाईन भाग-2 में क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल के Geo Refferenced Digital Map की के0एम0एल0 अपलोड की गई है, जो त्रुटिपूर्ण है।
2. आनलाईन भाग-2, क्रमांक-13(i) पैच वाइज डिटेल में क्षेत्रफल व अन्य विवरण त्रुटिपूर्ण फीड किया गया है।
3. प्रस्तावित वन भूमि के एन0पी0वी0 में संशोधन के उपरान्त बढ़ी हुई एन0पी0वी0 की धनराशि के भुगतान की वचनबद्धता, जो उप वन संरक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो, संलग्न नही है।
4. प्रस्ताव के साथ संलग्न सी0डी0 में प्रस्तावित वनभूमि के Geo Refferenced Digital Map एवं क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल के Geo Refferenced Digital Map की पी0डी0एफ0 फाइल तथा एस0ओ0आई0 टोपोशीट की पी0डी0एफ0 फाइल नही है।
5. प्रस्ताव में झाँसी-कानपुर रोड (एन0एच0-27) के किमी0 193-194 के मध्य क्रासिंग की 1:50000 माप की टोपो शीट संलग्न नही की गयी है। जबकि प्रस्ताव में क्षतिपूरक वृक्षारोपण की अतिरिक्त टोपोशीट संलग्न की गयी है, जिसे प्रस्ताव से पृथक करें।

कृपया किसी कार्यदिवस में अपने कार्यालय प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्ताव प्राप्त कराकर, इंगित कमियों के निराकरण के पश्चात् पूर्ण प्रस्ताव इस कार्यालय को 03 प्रतियों में उपलब्ध करायें, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

कार्यालय
18/7/17

भवदीय,

(डा0 प्रशान्त कुमार वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः 129/11-सी-FP/UP/TRANS/21318/2016/दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झाँसी।
2. मुख्य प्रबन्धक, उप केन्द्र/पारेषण लाईन निर्माण, निकट कालपी बस स्टैण्ड उरई।

(डा0 प्रशान्त कुमार वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

कार्यालय वन संरक्षक, बुन्देलखण्ड वृत्त उ0प्र0 झाँसी।
पत्रांक 278/33-1 दिनांक-19-7-17

प्रतिलिपि- उप वन संरक्षक, जालौन सा0 वा0 प्र0 उरई को उपरोक्त पत्र जो आपको सीधे सम्बोधित है, के क्रम में इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विषयक प्रस्ताव में नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ द्वारा लगायी गई आपत्तियों का निराकरण कर पूर्ण संशोधित प्रस्ताव 4 प्रतियों में उपलब्ध करायें तथा किसी कर्मचारी को लखनऊ नोडल अधिकारी के कार्यालय में भेजकर मूल प्रस्ताव प्राप्त करा लें।

19/7/17
वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक
बुन्देलखण्ड वृत्त उ0प्र0, झाँसी

ACY-1175

0/c